collegebatch.com

**SET-1**

**Series PP4QQ/4**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code 64/4/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).

(II) Please check that this question paper contains **30** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खंडों में विभाजित है – **खंड-क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खंड – क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड – ख** : प्रश्न संख्या **18** एवं **19** आरेख एवं स्रोत-आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड – ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खंड – घ** : प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खंड – ङ** : प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

## खंड – क

**(प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।)** **(17 × 1 = 17)**

1. थोक व्यापार की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | |
|---|---|
| i. | इसका गठन अनेक बिचौलिए, सौदागरों और पूर्तिघरों द्वारा होता है । |
| ii. | थोक विक्रेता प्राय: फुटकर भंडारों को उधार देते हैं । |
| iii. | सामान्यत: फुटकर विक्रेता अधिकतर थोक विक्रेता की पूँजी पर कार्य करते हैं । |
| iv. | डाक आदेश, स्वचालित बिक्री मशीनें, फेरी वाले इसके कुछ उदाहरण हैं । |

**विकल्प :**

(A) केवल i, ii और iii सही हैं ।

(B) केवल ii, iii और iv सही हैं ।

(C) केवल i, iii और iv सही हैं ।

(D) केवल i, ii और iv सही हैं ।

collegebatch.com

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This Question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***Section A, B, C, D*** *and* ***E.***

*(iii)* *Section* ***A*** *- Question Nos.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice (MCQ) type Questions.*

*(iv)* *Section* ***B*** *- Question Nos.* ***18*** *and* ***19*** *are Diagram/Source based Questions.*

*(v)* *Section* ***C*** *- Question Nos.* ***20 to 23*** *are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in* ***80*** *to* ***100*** *words.*

*(vi)* *Section* ***D*** *- Question Nos.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in* ***120*** *to* ***150*** *words.*

*(vii)* *Section* ***E*** *- Question Nos.* ***29*** *&* ***30*** *are Map based questions.*

## SECTION – A

**(Q. Nos. 1 to 17 are Multiple Choice Questions.)** **(17 × 1 = 17)**

1. Read the following characteristics of wholesale trading carefully and choose the correct option : **1**

| | |
|---|---|
| i. | It is constituted by numerous intermediaries, merchants and supply houses. |
| ii. | Wholesalers often extend credit to retail stores. |
| iii. | Generally retailers operate very largely on the wholesaler's capital. |
| iv. | Mail order, automatic vending machines, street vendors are some of its examples. |

**Option :**

(A) Only i, ii and iii are correct. (B) Only ii, iii and iv are correct.

(C) Only i, iii and iv are correct. (D) Only i, ii and iv are correct.

collegebatch.com

2. निम्नलिखित में से कौन-सा 'विश्व व्यापार संगठन' का मुख्यालय है ? **1**

(A) न्यूयार्क (B) दिल्ली

(C) जिनेवा (D) लंदन

3. नीचे दो कथन दिए गये हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** अयस्क पर आधारित उद्योग कच्चे माल के स्रोत के समीप स्थित हैं ।

**कारण (R) :** उद्योग परिवहन लागत घटाकर लाभ को बढ़ाते हैं ।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है और (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

4. भारत में नगरीय जनसंख्या की तीव्र वृद्धि दर का निम्नलिखित में से कौन-सा कारण **गलत** है ? **1**

(A) नगरों में उच्च आर्थिक विकास ।

(B) नगरों में स्वास्थ्य संबंधी दशाओं में सुधार ।

(C) नगरीय क्षेत्रों का तेज़ी से विस्तार ।

(D) नगरों में रोज़गार के अवसरों की उपलब्धता ।

5. निम्नलिखित में से किस राज्य की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है ? **1**

(A) महाराष्ट्र (B) गोवा

(C) केरल (D) गुजरात

collegebatch.com

2. Which one of the following is the headquarter of the 'World Trade Organization' ? **1**

(A) New York (B) Delhi

(C) Geneva (D) London

3. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** Industries based on ores are located close to the sources of raw material.

**Reason (R) :** Industries maximise profits by reducing transportation costs.

**Options :**

(A) (A) is correct and (R) is false.

(B) (A) is false and (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

4. Which one of the followings is the **false** reason of high growth rate of urban population in India ? **1**

(A) Higher economic development in cities

(B) Improvement in health condition in cities

(C) Rapid expansion of urban areas

(D) Availability of employment opportunities in cities

5. Which one of the following states has the highest percentage of urban population ? **1**

(A) Maharashtra (B) Goa

(C) Kerala (D) Gujarat

collegebatch.com

6. भारत में एक कृषि फसल की विशेषताएँ नीचे दी गई हैं । इनको ध्यान से पढ़िए और फसल की पहचान कीजिए । 1

- यह उष्ण आर्द्र कटिबंधीय क्षेत्र की एक फसल है ।
- पश्चिम बंगाल के किसान एक वर्ष में इसकी तीन फ़सलें उगाते हैं ।
- उत्तर-पश्चिमी भागों में यह खरीफ़ फसल के रूप में उगाई जाती है ।
- इसके प्रमुख उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब हैं ।

**फसल :**

(A) गेहूँ
(B) चना
(C) बाजरा
(D) चावल

7. नीचे दो कथन दिए गये हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A) :** एक क्षेत्र का आर्थिक विकास उसके संसाधनों पर आधारित होता है ।

**कारण (R) :** आर्थिक विकास के लिए तकनीक के साथ-साथ निवेश की आवश्यकता होती है ।

**विकल्प :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

8. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| | स्तंभ-I (राष्ट्रीय जलमार्ग) | | स्तंभ-II (नदी) |
|---|---|---|---|
| (a) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 | (i) | मातई |
| (b) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 | (ii) | गोदावरी |
| (c) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 4 | (iii) | गंगा |
| (d) | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 5 | (iv) | ब्रह्मपुत्र |

**विकल्प :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

collegebatch.com

6. The characteristics of an agricultural crop in India are given below. Read them carefully and identify the crop. **1**

- It is a crop of tropical humid area.
- West Bengal farmers grow it three crops in a year.
- It is grown as a Kharif crop in north-western parts.
- West Bengal, Uttar Pradesh and Punjab are major producing states.

**Crop :**

(A) Wheat (B) Gram

(C) Bajra (D) Rice

7. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** The economic development of a region depends upon its resource base.

**Reason (R) :** Economic development requires technologies as well as investment.

**Options :**

(A) (A) is correct, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

8. Match the Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| | Column-I (National Waterway) | | Column-II (River) |
|---|---|---|---|
| (a) | National Waterway No. 1 | (i) | Matai |
| (b) | National Waterway No. 2 | (ii) | Godavari |
| (c) | National Waterway No. 4 | (iii) | Ganga |
| (d) | National Waterway No. 5 | (iv) | Brahmaputra |

**Options :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

collegebatch.com

9. निम्नलिखित में से कौन-सा 'आधुनिक नगर' का उदाहरण है ? 1

(A) सूरत (B) नागपुर

(C) मदुरई (D) हैदराबाद

10. भारत में गैरिसन नगर से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) रानीगंज, डिग्बोई और झरिया (B) महू, बबीना और उधमपुर

(C) इटारसी, कटनी और कांडला (D) मोदीनगर, जमशेदपुर और भिलाई

11. बस्ती के निम्नलिखित लक्षणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और बस्ती के प्रकार की पहचान कीजिए : 1

- यह जंगलों में एकाकी झोंपड़ियों के रूप में दिखाई पड़ती है ।
- यह छोटी पहाड़ियों की ढालों पर दिखाई पड़ती है ।
- मेघालय, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अनेक भागों में इस प्रकार की बस्तियाँ पाई जाती हैं ।

**बस्ती का प्रकार :**

(A) आर्केंद्रित (B) विखंडित

(C) पल्लीकृत (D) परिक्षिप्त

12. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

भारतीय रेलवे की स्थापना 1853 में हुई तथा ________ से ________ के बीच 34 कि.मी. लंबी रेल लाइन निर्मित की गई ।

(A) मुंबई (बंबई), थाणे (B) कोलकाता (कलकत्ता), हुगली

(C) चेन्नई (मद्रास), मदुरै (D) बेंगलूरु (बैंगलोर), कालीकट

13. जल प्रदूषण से निम्नलिखित में से मानव शरीर का कौन-सा तंत्र सर्वाधिक प्रभावित होता है ? 1

(A) तंत्रिका तंत्र (B) रक्त संचार तंत्र

(C) श्वसन तंत्र (D) पाचन तंत्र

14. मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में निम्नलिखित में से किस जनजाति की अधिकता है ? 1

(A) भील (B) थारू

(C) बकरवाल (D) गद्दी

collegebatch.com

9. Which of the following is an example of a 'Modern City' ? **1**

(A) Surat (B) Nagpur

(C) Madurai (D) Hyderabad

10. Choose the correct option related to Garrison towns in India : **1**

(A) Raniganj, Digboi and Jharia (B) Mhow, Babina and Udhampur

(C) Itarsi, Katni and Kandla (D) Modinagar, Jamshedpur and Bhilai

11. Read the following characteristics of settlements carefully and identify its type : **1**

- It is seen in the form of isolated huts in the forest.
- It is visible on the slopes of small hills.
- This kind of settlements are found in different parts of Meghalaya, Uttarakhand and Himachal Pradesh.

**Settlement types :**

(A) Nucleated (B) Fragmented

(C) Hamleted (D) Dispersed

12. Choose the correct option to fill the blanks : **1**

Indian Railway was introduced in 1853 and a railway line was constructed from ________ to ________ covering a distance of 34 km.

(A) Mumbai (Bombay), Thane (B) Kolkata (Calcutta), Hugli

(C) Chennai (Madras), Madurai (D) Bengaluru (Bangalore), Calicut

13. Which one of the following human body system gets affected the most by water pollution ? **1**

(A) Nervous system (B) Circulatory system

(C) Respiratory system (D) Digestive system

14. Which of the following tribes is in majority in Jhabua district of Madhya Pradesh ? **1**

(A) Bhil (B) Tharu

(C) Bakarwal (D) Gaddi

collegebatch.com

दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक का उत्तर लिखिए :

**जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत**

प्रथम अवस्था में उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता होती है क्योंकि लोग महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति से होने वाली मृत्युओं की क्षतिपूर्ति अधिक पुनरुत्पादन से करते हैं । जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकांश लोग खेती में कार्यरत होते हैं । जहाँ बड़े परिवारों को परिसंपत्ति माना जाता है । जीवन-प्रत्याशा निम्न होती है, अधिकांश लोग अशिक्षित होते हैं और उनके प्रौद्योगिकी स्तर निम्न होते हैं । 200 वर्ष पूर्व विश्व के सभी देश इसी अवस्था में थे ।

द्वितीय अवस्था के प्रारंभ में प्रजननशीलता ऊँची बनी रहती है किंतु यह समय के साथ घटती जाती है । यह अवस्था घटी हुई मृत्यु दर के साथ आती है । स्वास्थ्य संबंधी दशाओं व स्वच्छता में सुधार के साथ मर्त्यता में कमी आती है । इस अंतर के कारण, जनसंख्या में होने वाला शुद्ध योग उच्च होता है ।

अंतिम अवस्था में प्रजननशीलता और मर्त्यता दोनों अधिक घट जाती हैं । जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ती है । जनसंख्या नगरीय और शिक्षित हो जाती है तथा उसके पास तकनीकी ज्ञान होता है । ऐसी जनसंख्या विचारपूर्वक परिवार के आकार को नियंत्रित करती है ।

इससे प्रदर्शित होता है कि मनुष्य जाति अत्यधिक नम्य है और अपनी प्रजननशीलता को समायोजित करने की योग्यता रखती है ।

15. निम्नलिखित किस अवस्था/अवस्थाओं में जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि लगभग स्थिर थी ? **1**
    (A) केवल I
    (B) केवल II
    (C) केवल I एवं अंतिम
    (D) केवल II एवं अंतिम

16. निम्नलिखित किस अवस्था/अवस्थाओं में मृत्युदर में सबसे अधिक गिरावट हुई ? **1**
    (A) केवल I
    (B) केवल II
    (C) केवल I एवं II
    (D) केवल I एवं अंतिम

17. निम्नलिखित देशों में कौन-सा द्वितीय अवस्था का उदाहरण है ? **1**
    (A) केन्या
    (B) बांग्लादेश
    (C) जापान
    (D) कनाडा

collegebatch.com

Read the given passage and answer the Q. Nos. **15** to **17** :

## Demographic Transition Theory

The first stage has high fertility and high mortality because people reproduce more to compensate for the deaths due to epidemics and variable food supply. The population growth is slow and most of the people are engaged in agriculture where large families are an asset. Life expectancy is low, people are mostly illiterate and have low levels of technology. Two hundred years ago all the countries of the world were in this stage.

Fertility remains high in the beginning of second stage but it declines with time. This is accompanied by reduced mortality rate. Improvements in sanitation and health conditions lead to decline in mortality. Because of this gap the net addition to population is high.

In the last stage, both fertility and mortality decline considerably. The population is either stable or grows slowly. The population becomes urbanished, literate and has high technical know-how and deliberately controls the family size.

This shows that human beings are extremely flexible and are able to adjust their fertility.

15. In which of the following stage/stages, the natural growth of population was/were almost stagnant ? **1**

(A) Only I (B) Only II

(C) Only I and Last (D) Only II and Last

16. In which of the following stage/stages, the death rate declined the most ? **1**

(A) Only I (B) Only II

(C) Only I and II (D) Only I and Last

17. Which one among the following countries is an example of second stage ? **1**

(A) Kenya (B) Bangladesh

(C) Japan (D) Canada

collegebatch.com

## खंड – ख

**(प्रश्न संख्या 18 एवं 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।)** **(2 × 3 = 6)**

18. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सेवा क्षेत्रक**

जब आप बीमार पड़ते हैं आप किसी डॉक्टर को बुलाते हैं अथवा आप पारिवारिक डॉक्टर के पास जाते हैं । कभी–कभी आपके माता–पिता उपचार के लिए आपको अस्पताल ले जाते हैं । विद्यालय में आपको अध्यापक पढ़ाते हैं । किसी भी विवाद की स्थिति में कानूनी राय वकील से ली जाती है । इसी प्रकार अनेक व्यवसायी होते हैं जो फ़ीस का भुगतान होने पर अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं । अत: सभी प्रकार की सेवाएँ विशिष्ट कौशल होती हैं जो भुगतान के बदले प्राप्त होती हैं । स्वास्थ्य, शिक्षा, विधि, प्रशासन और मनोरंजन इत्यादि को व्यावसायिक कुशलता की आवश्यकता है । इन सेवाओं को अन्य सैद्धांतिक ज्ञान और क्रियात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है । तृतीयक क्रियाकलाप सेवा सेक्टर से संबंधित हैं । जनशक्ति सेवा सेक्टर का एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि अधिकांश तृतीयक क्रियाकलापों का निष्पादन कुशल श्रमिक, व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं द्वारा होता है ।

आर्थिक विकास की आरंभिक अवस्थाओं में लोगों का एक बड़ा अनुपात प्राथमिक सेक्टर में कार्य करता था । एक विकसित अर्थव्यवस्था में बहुसंख्यक श्रमिक तृतीयक क्रियाकलापों में रोज़गार पाते हैं और अपेक्षाकृत कम संख्या में द्वितीयक सेक्टर में कार्यरत होते हैं ।


(18.1) 'जनशक्ति' सेवा सेक्टर का एक महत्वपूर्ण कारक क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । **1**

(18.2) द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रक के क्रियाकलापों में अंतर को स्पष्ट कीजिए । **1**

(18.3) "तृतीयक क्रियाकलापों में उत्पादन और विनिमय दोनों सम्मिलित होते हैं ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । **1**

19. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

**भारत – व्यावसायिक संरचना,2011**



collegebatch.com

## SECTION – B

**(Q. Nos. 18 and 19 are Source Based Questions.)** **(2 × 3 = 6)**

18. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

### Tertiary Sector

When you fall ill you go to your family doctor or you call a doctor. Sometimes your parents take you to a hospital for treatment. While in school, you are taught by your teachers. In the event of any dispute, legal opinion is obtained from a lawyer. Likewise, there are many professionals who provide their services against payment of their fee. Thus, all types of services are special skills provided in exchange of payments. Health, education, law, governance and recreation etc. require professional skills. These services require other theoretical knowledge and practical training. Tertiary activities are related to the service sector. Manpower is an important component of the service sector as most of the tertiary activities are performed by skilled labour, professionally trained experts and consultants.

In the initial stages of economic development, larger proportion of people worked in the primary sector. In a developed economy, the majority of workers get employment in tertiary activity and a moderate proportion is employed in the secondary sector.


(18.1) Why is 'manpower' an important factor of service sector ? Explain. **1**

(18.2) Explain the difference between the activities of secondary and tertiary sectors. **1**

(18.3) "Tertiary activities include both production and exchange." Support the statement. **1**

19. Study the given diagram carefully and answer the questions that follow :

**India - Occupational Structure, 2011**



collegebatch.com

(19.1) सर्वाधिक कृषक प्रतिशत वाले दो राज्यों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

(19.2) अन्य श्रमिकों के सबसे अधिक प्रतिशत वाले दो केन्द्र शासित क्षेत्रों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

(19.3) त्रिपुरा में लगभग कितने प्रतिशत कृषक हैं ? **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है :**

19. "देश के विभिन्न क्षेत्रकों में श्रम सहभागिता दर की स्थानिक भिन्नता बहुत विस्तृत है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3**

## खंड – ग

**(प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।)** **(4 × 3 = 12)**

20. (a) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता किस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार बनता है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) अंतर्देशीय और बाह्य पत्तन में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। **3**

21. (a) भारत में 'जलक्रांति अभियान' के किन्हीं तीन उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) 'भारतीय राष्ट्रीय जल नीति' की किन्हीं तीन मुख्य विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। **3**

22. 'प्रकृति के मानवीकरण' की अवधारणा की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **3**

23. भारत में 'नगरीय अपशिष्ट निपटान' की समस्या के समाधान के कोई तीन उपाय सुझाइए और उनकी व्याख्या कीजिए। **3**

## खंड – घ

**(प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।)** **(5 × 5 = 25)**

24. (a) कौन-सी संस्था प्रति वर्ष 'मानव विकास प्रतिवेदन' प्रकाशित करती है ? 'मानव विकास' के चार स्तंभों की व्याख्या कीजिए। **1 + 4 = 5**

**अथवा**

(b) विश्व में 2020 के अनुसार किस देश का 'मानव विकास सूचकांक' सर्वोच्च है ? मानव विकास के चार उपागमों की व्याख्या कीजिए। **1 + 4 = 5**

(19.1) Write the names of two states with highest percentage of cultivators. **½ + ½ = 1**

(19.2) Write the names of two Union Territories having the highest percentage of other workers. **½ + ½ = 1**

(19.3) What is the approximate percentage of cultivators in Tripura ? **1**

**Note : Following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 19 :**

19. "Spatial variation of work participation rate in different sectors in the country is very wide." Support the statement. **3**

## SECTION – C

**(Q. Nos. 20 to 23 are Short Answer Type Questions.)** **(4 × 3 = 12)**

20. (a) How do differences in national resources become the basis of international trade ? Explain with examples. **3**

**OR**

(b) Explain the differences between the inland and out-ports with examples. **3**

21. (a) Analyse any three objectives of 'Jal Kranti Abhiyan' in India. **3**

**OR**

(b) Analyse any three key features of 'Indian National Water Policy'. **3**

22. Explain the concept of 'Humanisation of Nature' by giving examples. **3**

23. Suggest any three measures to solve the problem of 'Urban Waste Disposal' in India and explain them. **3**

## SECTION - D

**(Q. Nos. 24 to 28 are Long Answer Type Questions.)** **(5 × 5 = 25)**

24. (a) Which organisation publishes the 'Human Development Report' every year ? Explain the four pillars of 'human development'. **1 + 4 = 5**

**OR**

(b) Which country has the highest rank in the world in 'Human Development Index' in 2020 ? Explain four approaches of human development. **1 + 4 = 5**

collegebatch.com

25. विश्व में वाणिज्य पशुधन पालन की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **5**

26. विश्व में 'उपग्रह संचार' के महत्त्व की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

27. (a) भारत में खनिज संसाधनों के संरक्षण के किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) भारत के संदर्भ में सौर ऊर्जा के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। **5**

28. (a) "भारत में पाइप लाइनें अत्यधिक सुविधाजनक एवं सक्षम परिवहन प्रणाली हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन की परख कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) "विश्व में सबसे बड़े सड़क जाल के रूप में भारत का दूसरा स्थान है।" इस कथन की उदाहरणों सहित परख कीजिए। **5**

## खंड – ङ

**(प्रश्न संख्या 29 व 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं।)** **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। किन्हीं **पाँच** की सही पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **5 × 1 = 5**

A. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र

B. वाणिज्य पशुधन पालन का एक क्षेत्र

C. 'पार–कैनेडियन रेलमार्ग' के पूर्वी सिरे का स्टेशन

D. एशिया का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

E. यूरोप का एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

F. एक नौ–परिवहन नहर

G. 'चलवासी पशुचारण' का एक क्षेत्र

collegebatch.com

25. Describe any five features of commercial livestock rearing in the world. **5**

26. Explain with examples the importance of 'Satellite Communication' in the world. **5**

27. (a) Explain any five measures for the conservation of mineral resources in India. **5**

**OR**

(b) Explain the importance of solar energy in Indian context. **5**

28. (a) "Pipelines are the most convenient and efficient mode of transportation in India." Examine the statement with examples. **5**

**OR**

(b) "India has the second largest road networks in the world." Examine the statement with examples. **5**

## SECTION – E

**(Q. Nos. 29 and 30 are Map Based Questions.)** **(2 × 5 = 10)**

29. On the given political outline Map of the World, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **FIVE** correctly with the help of following information and write their correct names on the lines marked near them : **5 × 1 = 5**

A. An area of extensive commercial grain farming

B. An area of commercial livestock rearing

C. Eastern most station of 'Trans-Canadian Railways'

D. A major seaport of Asia

E. A major international airport of Europe

F. A shipping canal

G. An area of 'Nomadic Herding'

collegebatch.com

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है । किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **5 × 1 = 5**

29.1 अर्जेंटाइना के प्रमुख विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.2 दक्षिणी अमेरिका के एक वाणिज्य पशुधन पालन के क्षेत्र का नाम लिखिए ।

29.3 'पार-कैनेडियन रेलमार्ग' के पूर्वी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

29.4 जापान के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

29.5 फ्रांस के एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

29.6 भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने वाली नहर का नाम लिखिए ।

29.7 न्यूज़ीलैंड के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए ।

30. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाएँ और उनके नाम लिखिए : **5 × 1 = 5**

30.1 सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

30.2 कॉफी उत्पादक अग्रणी राज्य

30.3 हजारीबाग – ताँबे की खानें

30.4 नेवेली – कोयले की खानें

30.5 रत्नागिरी – लौह अयस्क की खाने

30.6 हल्दिया – प्रमुख समुद्री पत्तन

30.7 अहमदाबाद – प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर है । किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **5 × 1 = 5**

30.1 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए ।

30.2 कॉफी उत्पादक अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

30.3 हजारीबाग ताँबे की खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

30.4 नेवेली कोयले की खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

30.5 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ रत्नागिरी लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं ।

30.6 हल्दिया समुद्री पत्तन किस राज्य में स्थित है ?

30.7 अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन किस राज्य में स्थित है ?

collegebatch.com

**Note : Following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 29. Answer any five questions.** **5 × 1 = 5**

29.1 Name the major area of extensive commercial grain farming of Argentina.

29.2 Name an area of commercial livestock rearing of South America.

29.3 Name the easternmost station of 'Trans-Canadian Railways'.

29.4 Name the major seaport of Japan.

29.5 Name a major international airport of France.

29.6 Name the canal linking Red sea with Mediterranean sea.

29.7 Name a major area of extensive commercial grain farming of New Zealand.

30. Locate and label any **<u>five</u>** of the following geographical features on the given political outline Map of India with appropriate symbols : **5 × 1 = 5**

30.1 A state with highest population density

30.2 State leading in the production of coffee

30.3 Hazaribagh : Copper mines

30.4 Neyveli : Coal mines

30.5 Ratnagiri : Iron ore mines

30.6 Haldia : Major seaport

30.7 Ahmedabad : Major international airport

**Note : Following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 30. Answer any five questions.** **5 × 1 = 5**

30.1 Name the state with highest population density.

30.2 Name the leading state in production of coffee.

30.3 In which state, Hazaribagh copper mines are located ?

30.4 In which state, Neyveli coal mines are located ?

30.5 Name the state, where Ratnagiri iron-ore mines are located.

30.6 In which state, Haldia seaport is located ?


30.7 In which state, Ahmedabad international airport is located ?

collegebatch.com

Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**



collegebatch.com

collegebatch.com

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **30**




Cut Here ------- यहाँ से काटें ------- Cut Here ------- यहाँ से काटें